दिनांकः 13.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अब तक सामान्य से दोगुनी बरसात हुई–आज तीस ज़िलों में बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट
- राज्य सरकार ने ढाई हज़ार क्वारी लाइसेंस धारकों को राहत देते हुए खनिज पट्टों की अवधि तीस सितम्बर तक बढ़ाई
- केन्द्रीय सहकारी बैंकों ने राज्य में बीते डेढ़ साल में 75 लाख से अधिक किसानों को ब्याज़ मुक्त ऋण दियें
- आयुर्वेद शल्य चिकित्सा पर राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में

000

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया हैं कई स्थानों पर बरसात का ये सिलसिला 15 जुलाई तक बना रह सकता हैं कोटा, उदयपुर, जयपुर, भरतपुर और जोधपुर संभागों के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बरसात की संभावना हैं आज 30 जिलों में बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया हैं प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में मॉनसूनी बारिश का ज्यादा असर देखने को मिल रहा हैं बीते 24 घंटों में झालावाड़, करौली, धौलपुर, भरतपुर और अलवर में अच्छी बारिश हुई बारां जिले के हरनावदा शाह में कल मूसलाधार बरसात हुई हमारे संवाददाता ने बताया कि जोरदार बारिश से कस्बे और आस–पास के नदी नाले उफान पर हैं

............

प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अब तक 216 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि ये सामान्य से दोगुनी हैं

...............

000

प्रदेश में वैध खनन को बढ़ावा देने और खनिज क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग पर जोर देते हुए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया हैं इसके तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने क्वारी लाइसेंस धारकों और अप्रधान खनिज लीज धारकों को खनिज पट्टों की अवधि बढोतरी की तारीख 30 सितम्बर तक करने की अनुमति दी हैं इससे करीब ढाई हजार क्वारी लाइसेंस धारकों को राहत मिलेगीं इसके साथ ही राजस्व में बढोतरी होगी और अवैध खनन पर भी प्रभावी अंकुश लगेगां

000

अजमेर उत्तर में सैटेलाईट अस्पताल शुरू किया गया हैं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल इसका शुभारंभ कियां इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अभी अस्पताल को अस्थायी भवन में चलाया जा रहा हैं यहां ओपीडी सेवाएं चालू कर दी गई हैं इससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगें इसके स्थायी भवन के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी हैं श्री देवनानी ने कल अजयमेरु डायबिटीज समिट का भी उद्‌घाटन कियां दो दिन चलने वाली इस समिट में मधुमेह के समग्र प्रबंधन पर चर्चा की जा रही हैं

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रास्तों की मरम्मत के काम को अभियान के तौर पर चलाने की बात कही हैं उन्होंने कहा कि इसके लिए अग्रिम रूपरेखा भी बनाई जानी चाहिएं श्री नागर कल कोटा में रास्तों के दुरुस्तीकरण की समीक्षा बैठक में बोल रहे थें बैठक में ऊर्जा मंत्री ने उपखंड अधिकारियों और तहसीलदारों से रास्तों की स्थिति की जानकारी ली और बरसात के मौसम को देखते हुए इस काम को तत्परता से करने के निर्देश दियें

000

सरकार सहकार से समृद्धि की भावना के साथ कमजोर वर्ग को सशक्त बना रही हैं राज्य में सहकारिता विभाग की योजनाओं से बड़े पैमाने पर लोगों को फायदा मिल रहा हैं राज्य में बीते डेढ़ साल में केन्द्रीय सहकारी बैंकों की ओर से 75 लाख से अधिक किसानों को 42 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण दिये गये हैं वहीं 805 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यकालीन ऋण वितरित किये गये हैं प्रदेश में 313 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन किया गया हैं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 65 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 653 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई हैं

000

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का तीन दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा हैं यह आयोजन शल्य चिकित्सा के जनक माने जाने वाले सुश्रुत की जंयती पर किया जा रहा हैं सम्मेलन में आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में हुई प्रगति और उभरती शैलियों को बताया जाएगां पहले दिन आज दस एंडोस्कोपिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी का सजीव प्रदर्शन किया जाएगां परपंरा और तकनीक के समागम वाले इस सम्मेलन में देश–विदेश के पांच सौ से अधिक चिकित्सक, शोधकर्ता, शिक्षाविद और विद्वान भाग होंगें

केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कल गुजरात में एक कार्यक्रम में कहा कि पूरी दुनिया में आयुर्वेद लोकप्रिय हो रहा है और लोग इसे अपना रहे हैं

................

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू एच ओ ने भारत में पारंपरिक चिकित्सा और ख़ासकर आयुष पद्धति के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जोड़े जाने को एक महत्वपूर्ण कदम बताया हैं

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में महिला सैनिकों और पायलटों की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं कल लखनऊ में एक समारोह में उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में महिलाओं की भागीदारी से भारतीय सेना पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सफल रहीं

................

000

जयपुर डिस्कॉम ने कुसुम योजना में स्थापित सौर संयंत्रों में बिजली ट्रिपिंग के कारण होने वाले नुकसान को रोकने की पहल की हैं डिस्कॉम चैयरमेन आरती डोगरा कल जयपुर में अधिकारियों के साथ विद्युत तंत्र को मजबूत करने के उपायों की समीक्षा बैठक में बोल रही थीं सुश्री डोगरा ने अभियंताओं को कुसुम योजना में स्थापित ऊर्जा संयंत्रों से जुड़े ग्रिड सब स्टेशनों का अगले एक सप्ताह में दौरा करने के निर्देश दिये हैं इस दौरान वे ट्रिपिंग और वॉल्टेज के उतार–चढ़ाव की समस्या का निदान करेंगें

000

सवाईमाधोपुर के खंडार क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल सेंचूरी प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप उभर रही हैं यहां इन दिनों घड़ियालों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि पाली घाट के प्रजनन केन्द्रों पर नये घड़ियालों के आगमन से सैलानी उत्साहित हैं अब तक करीब साढे तीन सौ घड़ियाल जन्म ले चुके हैं

..............

000

अलवर में आज त्वचा स्वास्थ्य जागरुकता और उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं इसमें विशेषज्ञों की टीम आम लोगों को त्वचा संबंधी रोगों के प्रति जागरुक करेगीं

000